# खेती में तकनीक का साथ: किसानों के लिए टॉप पांच मोबाइल एप्लीकेशन

**डॉ. हेम प्रकाश वर्मा एवं सौरभ माहेश्वरी**

[1]एफएफपी परियोजना, भाकृअनुप- राष्ट्रिय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर

[2]भाकृअनुप- राष्ट्रिय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर

डिजिटल खेती के इस दौर में मोबाइल फोन सिर्फ़ बात करने का साधन नहीं, बल्कि खेती का भरोसेमंद साथी बन चुका है। मौसम का सही अंदाज़ा, मंडी के ताज़ा भाव, बीज–उर्वरक की जानकारी, फसल सुरक्षा सलाह और बीमा, एक क्लिक पर मिल सकता है। किसानों के लिए पाँच मुख्य मोबाइल ऐप जैसे किसान सुविधा, फसल बीमा, ई-नाम, मेघदूत, और पीएम-किसान मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध हैं। सभी ऐप सरकारी संस्थानों द्वारा विकसित हैं और हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं, ताकि हर किसान आसानी से प्रयोग कर सके। ये ऐप न केवल खेती से जुड़ी रोज़मर्रा की चुनौतियों का समाधान देते हैं, बल्कि आपको बेहतर निर्णय लेने और खेत से अधिक लाभ कमाने में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

## 1. किसान सुविधा ऐप

**"किसान सुविधा" मोबाइल ऐप** का संचालन कृषि मंत्रालय द्वारा किया जाता हैं और इस एप्लीकेशन को मोबाइल सेवा दल (सी-डैक मुंबई) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटीवाई) द्वारा विकसित किया गया हैं, यह एक *"सिंगल विंडो"* ऐप है जो किसानों को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करता है:

- किसानों से संबंधित सभी सेवाएँ और सूचनाएँ एक साझा मंच पर उपलब्ध।
- केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी।
- मौसम पूर्वानुमान (5 दिन), बाज़ार भाव, डीलर व उर्वरक संबंधी जानकारी।
- फसल संरक्षण सलाह, कृषि परामर्श व किसान कॉल सेंटर से सुविधा।
- कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध, सरल व किसान-हितैषी इंटरफ़ेस।
- पीएम-किसान योजना से जुड़ी लाभार्थी व भुगतान स्थिति की जानकारी और पंजीकरण सुविधा।
- उर्वरक विक्रेताओं, स्टॉक, कीमत व खरीद रिकॉर्ड की जानकारी।
- कृषि मशीनरी, सब्सिडी, आवेदन स्थिति, कस्टम हायरिंग केंद्र व खरीद-बिक्री की सुविधा।
- बीज किस्मों, विक्रेताओं व मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा परीक्षण प्रयोगशालाओं का विवरण।
- बाज़ार मूल्य, न्यूनतम समर्थन मूल्य, खरीद केंद्र/कार्यक्रम, फसल बीमा, जैविक खेती, बागवानी व प्रशिक्षण सेवाओं की जानकारी।
- यह ऐप अंग्रेजी भाषा के साथ साथ कई भारतीय भाषाओं जैसे हिंदी, मलयालम, गुजरती, असमिया, तमिल और मराठी जैसे भाषाओँ में उपलब्ध है और इसका इंटरफ़ेस सरल एवं किसान-हितैषी है।

गूगल प्ले स्टोर लिंक- https://play.google.com/store/apps/details?id=in.cdac.bharatd.agriapp

## 2. ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) ऐप

भारत सरकार की एक प्रमुख डिजिटल पहल है, जिसे कृषि मंत्रालय द्वारा 2016 में शुरू किया गया। यह ऐप किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम दिलाने और पारदर्शी व्यापार की सुविधा देने के लिए बनाया गया है।

**ई-नाम ऐप की मुख्य विशेषताएँ :**

- एकीकृत राष्ट्रीय कृषि बाजार : देशभर की 1000 से अधिक एपीएमसी मंडियों को ऑनलाइन जोड़ा गया है।
- रियल-टाइम भाव जानकारी : किसान अपने उत्पादों के दाम विभिन्न मंडियों में देखकर तुलना कर सकते हैं।
- ऑनलाइन बोली एवं व्यापार : खरीदार और विक्रेता दोनों के लिए पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्लेटफ़ॉर्म।
- भुगतान सुविधा : किसानों को ऑनलाइन भुगतान (यूपीआई और डेबिट कार्ड आदि) की सुविधा।

- पारदर्शिता : बिचौलियों पर निर्भरता कम कर, किसानों को सीधे खरीदार से जोड़ता है।
- भाषाई सुविधा : ऐप हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।
- फसल आधारित जानकारी : विभिन्न फसलों की खरीद, बिक्री और मांग की जानकारी।
- खरीदार/विक्रेता पंजीकरण : किसान, व्यापारी और एफपीओ आसानी से रजिस्टर कर सकते हैं।
- कृषि उपकरण और सेवाएँ : मंडियों में उपलब्ध सुविधाओं, व्यापार प्रक्रिया और सेवा प्रदाताओं की जानकारी।
- सरकारी योजनाओं से जुड़ाव : किसानों को मंडी सुधार और संबंधित कृषि योजनाओं की सूचना।

गूगल प्ले स्टोर लिंक- https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.enam&hl=en_IN

## 3. फसल बीमा ऐप

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) से जुड़ी सेवाएँ इस ऐप पर उपलब्ध हैं।
- किसान ऑनलाइन पंजीकरण कर सीधे फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं।
- प्रीमियम कैलकुलेटर के माध्यम से अलग-अलग फसलों व राज्यों के लिए बीमा प्रीमियम की जानकारी।
- पॉलिसी विवरण और बीमा दस्तावेज़ देखने व डाउनलोड करने की सुविधा।
- दावा पंजीकरण व स्थिति जांच – नुकसान की स्थिति में किसान क्लेम दर्ज कर उसकी प्रगति देख सकते हैं।
- बैंक व बीमा कंपनियों से जुड़ी जानकारी ऐप में उपलब्ध।
- किसान अपने आधार व व्यक्तिगत विवरण अपडेट और संपादित कर सकते हैं।
- ऐप हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है ताकि हर किसान आसानी से उपयोग कर सके।
- बीमा कंपनियों के संपर्क नंबर, ईमेल व कार्यालय पते ऐप पर उपलब्ध रहते हैं।
- पारदर्शिता और सुविधा – किसान घर बैठे बीमा से जुड़ी पूरी जानकारी व सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

गूगल प्ले स्टोर लिंक- https://play.google.com/store/apps/details?id=in.farmguide.farmerapp.central&hl=en_IN

## 4. मेघदूत ऐप

मेघदूत ऐप को भारतीय मौसम विभाग, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने मिलकर विकसित किया है। यह ऐप किसानों को मौसम आधारित कृषि परामर्श प्रदान करता है ताकि वे सही समय पर खेती से जुड़े निर्णय ले सकें।

**मेघदूत ऐप की मुख्य विशेषताएँ:**

- मौसम पूर्वानुमान : स्थान आधारित दैनिक और साप्ताहिक मौसम की जानकारी।
- कृषि परामर्श : मौसम और फसल दोनों को ध्यान में रखते हुए किसानों को सुझाव।
- भाषाई सुविधा : हिंदी सहित 12 से अधिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध।
- स्थान आधारित जानकारी : जीपीएस या मैनुअल लोकेशन डालकर अपने क्षेत्र का मौसम पूर्वानुमान।
- कृषि कार्य सुझाव : बुवाई, सिंचाई, खाद डालने और फसल सुरक्षा से जुड़े निर्देश।
- मौसम चेतावनी : अत्यधिक वर्षा, आंधी-तूफान जैसी प्राकृतिक घटनाओं की अग्रिम जानकारी।
- साप्ताहिक बुलेटिन : हर हफ्ते क्षेत्र विशेष के लिए मौसम और कृषि संबंधित बुलेटिन।

- किसानों के लिए निर्णय सहयोग : सही समय पर खेती संबंधी कार्य करने में मदद।
- सरकारी सहयोग : कृषि मंत्रालय और IMD के समन्वय से संचालित।
- नि:शुल्क सेवा : किसानों को पूरी जानकारी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध।




गूगल प्ले स्टोर लिंक- https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot&hl=en_IN

## 5. पीएम-किसान मोबाइल ऐप

पीएम-किसान मोबाइल ऐप को भारत सरकार ने किसानों के लिए शुरू किया है, ताकि वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ी सभी सुविधाएँ आसानी से अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं।

**पीएम-किसान मोबाइल ऐप की मुख्य विशेषताएँ :**

- लाभार्थी स्थिति: किसान यह जान सकते हैं कि वे योजना के लाभार्थी हैं या नहीं।
- भुगतान की स्थिति: अब तक प्राप्त की गई किस्तों और आने वाली किस्त की जानकारी।
- पंजीकरण सुविधा: नए किसान सीधे ऐप से स्वयं को पंजीकृत कर सकते हैं।
- आधार विवरण अपडेट: आधार संख्या से संबंधित जानकारी संपादित करने की सुविधा।
- हेल्पलाइन नंबर: किसी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन पर सीधे संपर्क।
- बहुभाषी ऐप: हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध।
- सरकारी पारदर्शिता: योजना से जुड़ी सभी सूचनाएँ सीधे सरकार से प्राप्त।
- सरल और किसान-हितैषी इंटरफ़ेस ताकि हर किसान आसानी से उपयोग कर सके।




गूगल प्ले स्टोर लिंक- https://play.google.com/store/apps/details?id=com.nic.project.pmkisan&hl=en_IN

| ऐप का नाम | मुख्य लाभ | गूगल प्ले स्टोर लिंक |
|---|---|---|
| 1. किसान सुविधा ऐप | मौसम की जानकारी, मूल्य, डीलर संबंधी सूचना, कृषि परामर्श | https://play.google.com/store/apps/details?id=in.cdac.bharatd.agriapp |
| 2. फसल बीमा ऐप | बीमा पंजीकरण, दावा ट्रैकिंग, प्रीमियम जानकारी | https://play.google.com/store/apps/details?id=in.farmguide.farmerapp.central&hl=en_IN |
| 3. ई-नाम ऐप | डिजिटल बाज़ार तक पहुँच, ऑनलाइन बोली, मूल्य पारदर्शिता | https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.enam&hl=en_IN |
| 4. मेघदूत ऐप | स्थान आधारित दैनिक और साप्ताहिक मौसम की जानकारी | https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot&hl=en_IN |
| 5. पीएम-किसान मोबाइल ऐप | पीएम-किसान के लाभार्थी एवं भुगतान की स्थिति की जानकारी | https://play.google.com/store/apps/details?id=com.nic.project.pmkisan&hl=en_IN |